**PROSPECTUS**

Website.: rspmahavidyalaya.com

**Information Booklet**

# राजेन्द्र शिल्पी पटेल महाविद्यालय

टॉपरपुरवा, अमेठी, धौरहरा, लखीमपुर–खीरी

Email.: rajendrashilpipatel@gmail.com
Contact No.: 7860588874, 7651870651
9919874930, 7860429931, 8528958968

सम्बद्धः छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

R.S.P.

।अमृतं तु विद्या।

RAJENDRA SHILPI PATEL MAHAVIDYALAYA




# राजेन्द्र शिल्पी पटेल महाविद्यालय

## टॉपरपुरवा, अमेठी, धौरहरा, लखीमपुर-खीरी

# संस्थापक



# राजेन्द्र कुमार वर्मा पटेल
## प्रबन्धक

# संविधान के मूल कर्तव्य

मूल कर्तव्य पहले से संविधान में नहीं थे। इन्हें संविधान के 42वें संशोधन (1976) द्वारा जोड़ा गया है। यह श्री स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर आंतरिक आपातकाल की जरूरत एवं आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लाया गया था। इसके अनुसार भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा कि वहः--

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों,संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र्गान का आदर करे।

(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शो को ह्रदय में संजोए रखे व उनका पालन करे।

(ग) भारत की प्रभुता एकता व अखंडता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण बनाये रखें।

(घ) देश की रक्षा करें और आवाह्न किए जाने पर राष्ट् की सेवा करें।

(ङ) भारत के सभी लोग समरसता और सम्मान एवं भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करें जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग के भेदभाव पर आधारित न हों, उन सभी प्रथाओं का त्याग करें जो महिलाओं के सम्मान के विरूद्ध हों।

(च) हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझें और उसका परिरक्षण करें।

(छ) प्राकृतिक पर्यावरण जिसके अंतर्गत वन, झील,नदी वन्य प्राणी आदि आते हैं की रक्षा व संवर्धन करें तथा प्राणी मात्र के प्रति दयाभाव रखें।

(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण मानवतावाद व ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें ।

(झ) सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखें व हिंसा से दूर रहें।

(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों सतत उत्कर्ष की ओर बढ़ने का प्रयास करें जिससे राष्ट्र प्रगति करते हुए प्रयात्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू ले।

(ट) यदि आप माता-पिता या संरक्षक हैं तो छह वर्ष से चौदह वर्ष आयु वाले अपने या प्रतिपाल्य (यथास्थिति) बच्चे को शिक्षा के अवसर प्रदान करें। (इसे 86वें संविधान संशोधन,2002 द्वारा जोडा गया)

# राजेन्द्र शिल्पी पटेल महाविद्यालय

## टॉपरपुरवा, अमेठी, धौरहरा, लखीमपुर–खीरी

**समस्त क्षेत्रवासियों**

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गांजर दीप्ति को आलोकित करने के उद्देश्य से, भारत की दो विशाल नदियों शारदा एवं घाघरा के मध्य स्थित शैक्षिक रूप से अति पिछड़े इस क्षेत्र में राजेन्द्र शिल्पी महाविद्यालय की स्थापना का एक अभिनव प्रयोग किया गया है।

दुर्गम एवं अत्यंत पिछड़े क्षेत्र से अनेक संसाधनों को झेलते हुए जब मैं प्राथमिक शिक्षक बना तभी से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कुछ अलग प्रतिमान स्थापित करने का जज्बा मन में उद्वेलित हो रहा था, कारण यह था कि इस 20 किमी. के दायरे में उच्च शिक्षा नहीं थी, बच्चों को आगे की शिक्षा प्राप्त करने में बहुत परेशानी थी बालिकाऐं तो उच्च शिक्षा से पूरी तरह वंचित हो जाती थी। जो दहेज प्रथा, बाल विवाह आदि कुप्रयासों का कारण बनती। वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार जनपद में धौरहरा वि०क्षे० में बालिका शिक्षा सबसे न्यून थी। कमोवेश 2011 में भी यहीं स्थिति रही।

क्षेत्र के उन हजारों बच्चों जिनके पास बाहर जाने के संसाधन नहीं थे, उच्च शिक्षा उनके अभिभावकों के लिए एक दिवा स्वप्न बनकर रह रही थी, को देखकर मैने ठान लिया कि इस क्षेत्र में ऐसा उच्च स्तरीय संस्थान जो आज के इस प्रतियोगी समय में क्षेत्र के बच्चों को स्तरीय प्रतियोगी एवं गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान कर सके की स्थापना की जाए।

शारीरिक परेशानियों के बावजूद हमारे ध्येय एवं धारणा को देखकर मेरी पत्नी श्रीमती शिल्पी पटेल ने अंतुलित योगदान किया है, हम दोनों का मत है कि इस महाविद्यालय को स्थापित कर पितृत्रण से उत्रृण होने का एक प्रयास मात्र है। आशा है यह संस्थान इस क्षेत्र के हजारों बच्चों के लिए आशा का दीपक बनेगा।

।। अप्प दीपो भव।।

प्रबन्धक

राजेन्द्र कुमार वर्मा पटेल

एम.ए. (इतिहास)

एम.ए. (राजनीति शास्त्र)

बी.टी.सी.

# मान्यता प्राप्त विषय

## कला संकाय (Faculty of Arts)

## बी.ए. पाठ्यक्रम

1. हिन्दी साहित्य
2. राजनीति विज्ञान
3. समाज शास्त्र
4. शिक्षा शास्त्र
5. इतिहास
6. गृह विज्ञान
7. चित्र कला

# महत्वपूर्ण निर्देश एवं नियम

1. The only application form attached with the prospectus of the college is valid for the admission in the college. All the columns of the Admission application form should be filled properly and duly signed. the self attested photo copies of all the certificates/documents are compulsory to attach with application form.

   महाविद्यालय प्रवेश हेतु केवल महाविद्यालय विवरणिका के साथ संलग्न आवेदन पत्र ही मान्य होगा, प्रवेश आवेदन पत्र के सभी कालम उचित प्रकार से भरे एवं यथास्थान हस्ताक्षरित होना चाहिए। समस्त प्रमाण पत्रों/अभिलेखों स्वतः प्रमाणित प्रतियाँ आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना तथा उन्हें मूल रूप से प्रवेश के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है। किसी भी संलग्नक के अभाव/अपूर्ण अथवा अहस्ताक्षरित आवेदन पत्र किसी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

2. Any information related to admission process/notices & schedules of university and government scheme's/examination schedules etc. will not be given individually to the candidates. they should see all the information on the notice board of the college regularly everyday, failing which they will be responsible themselves.

   प्रवेश प्रक्रिया/विश्वविद्यालय तथा सरकारी योजनाओं की नोटिस एवं शेड्यूल/परीक्षा कार्यक्रम इत्यादि से सम्बन्धित कोई भी सूचना किसी भी अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से नहीं दी जायेगी। वे सभी सूचनायें महाविद्यालय के सूचना पट पर नियमित रूप से देखें जिसमें असफल रहने पर किसी भी सूचना न पाने के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

3. The admission process will be subject to the admission committee of the college and decision taken by the committee will be final. all the rights of the college are reserved to change/amend the rules of admission process and fee structure.

   प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः महाविद्यालय की प्रवेश समिति के नियंत्रणाधीन है तथा प्रवेश समिति के द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम है। शासन/विश्वविद्यालय के अद्यतन निर्देशों के क्रम में प्रवेश प्रक्रिया के नियमों तथा शुल्क संरचना में परिवर्तन/संशोधन के लिये महाविद्यालय के सभी अधिकार सुरक्षित हैं।

4. No permission will be given to change the subject/faculty after completing the admission process. so students should be filled their own opted subjects very carefully in (i) **Admission form** (ii) **University Examination from** (iii) **Photo signature sheet.** they should also be match their subjects/codes with on line submitted printout from the college and an application should be given to the principal for any correction. but it is to be noted that any correction is subject to the registrar of the university.

प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत किसी छात्र/छात्रा को संकाय/विषय परिवर्तन की अनुमति नहीं प्रदान की जायेगी। अतः छात्र/छात्राएं (क) **प्रवेश आवदेन पत्र** (ख) **विश्वविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र** तथा (ग) **फोटो-हस्ताक्षर शीट** तीनों पर बहुत सावधानी के साथ अपने द्वारा चयनित विषयों को भरें । छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय के ऑनलाइन सब्मिटेड प्रिन्टआउट से अपने विषयों/विषय कोड का मिलान कर लेना चाहिए तथा किसी संशोधन हेतु प्राचार्य को तत्काल प्रार्थना पत्र दिया जाना चाहिए। परंतु यह नोट करलें कि कोई भी संशोधन विश्वविद्यालय के कुलसचिव महोदय के विषयाधीन हैं।

5. A minimum attendance of 75%, separately in lectures and practical classes, of total working days required during the academic year, failing which, a student will not be allowed to appear in the university examination.

सभी छात्र/छात्राओं के लिए लेक्चर तथा प्रयोगात्मक कक्षाओं में प्रथक-प्रथक न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। जिसके बिना उन्हें विश्वविद्यालय की वार्षिक/सत्रांत परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

6. Internal Discipline is established by discipline committee and proctorial committee. students should have to follow the rules & regulations of the college and should maintain the discipline. during the college time no student is allowed to meet any visitor or walk in the campus to and fro. students are expected to maintain the decorum of the college. After starting of academic session within a week students should have to attend the college regularly in proper uniform. as per guide lines of Honorable supreme court ragging is banned in the college campus. if any student is found involved in ragging then legal action will be taken against him/her.

आंतरिक अनुशासन महाविद्यालय की अनुशासन समिति एवं प्रॉक्टोरियल समिति द्वारा स्थापित किया गया है। सभी छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय के नियमों एवं विनियमों का पालन करना चाहिये तथा अनुशासन बनाये रखना चाहिए। महाविद्यालय पठन अवधि में किसी भी छात्र/छात्रा को किसी आगन्तुक से मिलने एवं परिसर में इधर-उधर घूमने की अनुमति नहीं होगी। महाविद्यालय का डेकोरम बनाये रखें। शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होने के एक सप्ताह के अन्दर छात्र/छात्राओं को निर्धारित यूनीफार्म में नियमित रूप से आना

चाहिए। माननीय सर्वोच्च न्यायलय के दिशा निर्देशें के क्रम में महाविद्यालय परिसर में रैगिंग पूर्णतः निषिद्ध है तथा रैगिंग में लिप्त पाये जाने पर उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

7. Admission fee should be deposited before the time limit given by the college University, and fee deposited once will not be refunded by the college. fee should be deposited only on cash counter and fee receipt should be taken from cashier for the same amount.

प्रवेश शुल्क महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सीमा से पहले ही जमा कर दिया जाना चाहिये तथा एक बार शुल्क जमा होने के बाद उसे महाविद्यालय द्वारा किसी भी दशा में लौटाया नहीं जायेगा। शुल्क केवल कैश काउंटर पर ही जमा किया जाना चाहिए तथा जमा धनराशि की कैशियर से प्राप्ति रसीद अवश्य ले लेनी चाहिये।

## महत्वपूर्ण सूचनाः-

(क) महाविद्यालय के किसी भी कर्मचारी को व्यक्तिगत रूप से दी गयी किसी भी धनराशि के लिये महाविद्यालय प्रशासन का कोई दायित्व नहीं होगा। कोई भी धनराशि/शुल्क केवल कैश काउंटर पर ही जमा करें तथा सम्बन्धित धनराशि की पावती अवश्य प्राप्त कर लें।

(ख) किसी भी एकेडमिक सूचना के लिये महाविद्यालय के उपरोक्त दूरभाष नम्बरों पर ही केवल प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक सम्पर्क करें।

**महाविद्यालय का दूरभाष नम्बर- 7860588874, 7651870651**

# प्रवेश आवेदन पत्र भरने के अनुदेश

1. स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश हेतु **Web Ragistration Number (WRN)** अंकित करें।

2. महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संकायवार उपलब्ध निम्नांकित विषयों में से अनुमत कोई तीन विषय चयनित कर उन्हें कालम संख्या-3 के बाक्सों में अंकित करें। **अनिवार्य विषयः पर्यावरण अध्ययन**

   **(क) कला संकाय (बी०ए०)**

   1- हिन्दी साहित्य, 2- राजनीति विज्ञान 3- समाज शास्त्र

   4- शिक्षा शास्त्र 5- गृह विज्ञान 6- इतिहास 7- चित्रकला

3. आवेदन पत्र के कालम संख्या-4 में अभ्यर्थी अपना नाम सावधानी पूर्वक हिन्दी में, तथा चौकोर खानों के अन्दर अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में स्पष्टतः अंकित करें तथा नाम के पूर्व कु० / श्री / श्रीमती इत्यादि का प्रयोग न करें। कालम संख्या-5 में अपने माता पिता के नाम के पूर्व भी श्री / श्रीमती / स्व० इत्यादि का प्रयोग न करें। कालम संख्या 3-iii में तहसीलदार द्वारा प्रमाणित अपने माता पिता की वार्षिक आय को अंकित करें।

   कालम संख्या- 9 में घोषणा के नीचे निर्धारित बाक्स में छात्र व अभिभावक अपने दिनांकित हस्ताक्षर करें। कालम संख्या- 10 में निर्देशानुसार अपने 5 फोटोग्राफ निर्धारित बाक्सों में चस्पा करें।

4. स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश हेतु प्रवेश आवेदन पत्र के साथ **Web Ragistration Number (WRN)** आवेदन का प्रिंट आउट मूल रूप में संलग्न करें। एवं **NAD रजिस्ट्रेशन** ऑनलाइन करके प्रिन्अ आउट मूल रूप से संलग्न करें।

5. प्रवेश आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित अभिलेखों / प्रमाण-पत्रो की प्रमाणित प्रतियां संलग्न करें तथा प्रवेश के समय सभी संलग्नक मूल रूप से साथ में लायें। किसी भी संलग्नक के अभाव में अथवा अपूर्ण आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

   1. हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएड के अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र
   2. स्थानान्तरण / माइग्रेशन / केन्द्र प्रमाण पत्र (मूल प्रति) एवं चरित्र प्रमाण पत्र (मूल प्रति)
   3. आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र (केवल एस.सी. / एस.टी. / ओ.बी.सी हेतु)

# आधार में मोबाइन नम्बर अपडेट होना अनिवार्य है।

# स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया

छत्रपति शाहू जी महराज विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2017-18 से लागू नवीन व्यवस्था के अन्तर्गत स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट **"www.kanpuruniversity.org"** पर **Web Registration Number (WRN)** जनरेट करने की व्यवस्था की गयी है जिसका विस्तृत विवरण निम्ननत् है -

1. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लिंक **"Generate Web Registration Number"** उपलब्ध होगा,जिसके माध्यम से अभ्यर्थियों को **Web Registration Number (WRN)** जनरेट करने हेतु आवेदन करना होगा।
2. उक्त लिंक पर क्लिक करके सर्वप्रथम अभ्यर्थियों द्वारा अपना संक्षिप्त विवरण जैसे - नाम, पिता का नाम, माता का नाम, आवेदन की कक्षा, जन्मतिथि, जाति श्रेणी एवं मोबाइल नम्बर फीड किया जायेगा।
3. अभ्यर्थी द्वारा उक्त सूचना सब्मिट करने के उपरान्त **Login ID** स्क्रीन पर उपलब्ध हो जायेगा तथा उसके मोबाइल पर एक **One Time Password (OTP)** प्राप्त होगा जिसका प्रयोग करते हुये अभ्यर्थी द्वारा आगे की प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी।
4. **Login Page** पर **Login ID** तथा **OTP** सब्मिट करने के उपरान्त अगली स्क्रीन पर अभ्यर्थी को अपने शैक्षणिक विवरण, पत्राचार/स्थायी पता एवं विवरण फीड करने होंगे तथा अपनी **पासपोर्ट साइज फोटो** व **हस्ताक्षर स्कैन** करके अपलोड करने होगे।
5. उपरोक्तानुसार सभी विवरण सब्मिट होने के उपरान्त अभ्यर्थी को 10 अंकीय एक नम्बर स्क्रीन पर दर्शित होगा जिसे **Web Registration Number (WRN)** कहा जायेगा।
6. अभ्यर्थी स्क्रीन पर उपलब्ध **Print Option** द्वारा **Web Registration Number (WRN)** आवेदन का प्रिन्ट आउट प्राप्त कर अपने प्रवेश-आवेदन **(Admission Form)** के साथ संलग्न करते हुये **राजेन्द्र शिल्पी पटेल महाविद्यालय, टॉपरपुरवा, अमेठी, धौरहरा-खीरी** में जमा करेंगे।
7. **Web Registration Number (WRN)** जनरेट करने की उपरोक्त प्रक्रिया में एक मोबाइल नम्बर अधिकतम 02 **Web Registration Number (WRN)** जनरेशन हेतु प्रयुक्त किया जा सकेगा।

# स्कूटर, साईकिल, मोटर साईकिल स्टैण्ड व्यवस्था

## महाविद्यालय द्वारा वाहन पार्किंग व्यवस्था निःशुल्क रहेगी।

## गणवेश

1. महाविद्यालय के सभी छात्र श्वेत कमीज व काला पेन्ट पहनकर अध्यन करने आयें।
2. महाविद्यालय की सभी छात्रायें गुलाबी कुर्ता, सफेद पाजामी एवं सफेद रंग की चुन्नी पहनकर अध्यन करने आयें।

